



## एक नजर में



### सन्नी बने संत शिरोमणि रविदास जयंती समारोह अध्यक्ष

**सीहोर.** अजा बाहुल्य वार्ड क्र. 11, डॉ. अम्बेडकर नगर स्थित संत् शिरोमणि रविदास मंदिर पर जाटव समाज की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष सन्नी जाटव पुत्र को सर्व सम्मति से संत् शिरोमणि रविदास जयंती समारोह का भारी समर्थन से अध्यक्ष बनाया गया. समाज जनों द्वारा सन्नी जाटव का पुष्पमालाऐं पहनाकर स्वागत किया गया. इस अवसर परडॉ. अनीस खान, मनोहर मंगरोलिया, नरेन्द्र खंगराले, धर्मप्रकाश आर्य, एसके फरेला, आरती खंगराले, पन्नालाल खंगराले, मनोहर मंगरोलिया, अवधनारायण महोबिया, शुभम कचनेरिया आदि उपस्थित थे.




### ब्लॉक कांग्रेस ने मंत्री विजयवर्गीय का पुतला फूंका

**सीहोर.** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष घनश्याम यादव एवं विधानसभा प्रभारी दिनेश मेघानी के नेतृत्व में इंदौर में मलमूत्र मिला पानी पीकर 16 लोगों की मौत और हजारों निवासियों के बीमार हो जाने के विरोध में स्थानीय लिसा टॉकीज चौराहे पर घंटा सरकार और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला जलाया. इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष विवेक राठौर, नईम नवाब, धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, राजेंद्र वर्मा, रमेश गुप्ता, राकेश वर्मा प्रीतम दयाल चौरसिया, योगेंद्र राय, सीताराम भारती,, राम प्रकाश चौधरी, मजीद अंसारी, नरेंद्र खंगराले, मुनव्वर मामू, अरुण राय, भगत सिंह तोमर, केके रिछारिया, राजकुमार तुलसी राठौर, हर्षदीप राठौर, मुकेश ठाकुर, आसिफ अंसारी, तौसीफ सहिद, दीपक सोनकर, विनीत गोयल, मनीष मेवाड़ा, महमूद भाई डॉ नरेंद्र यादव, दौलत यादव, राधेश्याम यादव, ओम सोनी आदि शामिल थे.



### ज्ञान रूपी अग्नि में तपने पर आत्मा परमात्मा बनेगी

**आष्टा.** नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर विराजमान मुनिश्री विश्वसूर्य सागर मुनिराज ने तत्त्वार्थसूत्र श्रवण कराते हुए कहा कि संयम रूपी नौका में सवार होकर ज्ञान रूपी अग्नि में तपने पर आत्मा परमात्मा बनेगी. परम पूज्य मुनिश्री विश्वसूर्य सागर मुनिराज ने प्रवचन में कहा कि जो दिखाई देता है वही सत्य नहीं होता. आज तक अधिकांश लोग सत्य को पहचान ही नहीं पाए। तीर्थंकरों ने वहां तक ज्ञान पहुंचाया, जहां सामान्य बुद्धि और विज्ञान की पहुंच संभव नहीं थी। आज लोग तीर्थंकरों के ज्ञान से अधिक विज्ञान को महत्व दे रहे हैं, जबकि विज्ञान स्वयं तीर्थंकर की वाणी की ही खोज है. मुनिश्री ने कहा कि संयम रूपी नौका में सवार होकर और ज्ञान रूपी अग्नि में तपने पर ही आत्मा परमात्मा बनती है.



### टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रेमू इलेवन विजयी

**सीहोर.** पीजी कालेज ग्राउण्ड पर आयोजित अध्यक्ष चैम्पियन ट्राफी में पार्षद लोकेन्द्र वर्मा और योगेन्द्र बघेल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर बिजलोन की टीम और प्रेमू इलेवन का टॉस कराया. बिजलोन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 98 रन बनाए. जवाब में प्रेमू इलेवन टीम ने 7 ओवर में 102 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई. टूर्नामेंट आयोजक पुरुषोतम राय, अनिल राठौर, एंपायर भूपेन्द्र, पंकज, प्रतीक, राहुल, रोहित, आयुष, एंपायर विक्की ने सभी विजेता खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया.



### अपर कलेक्टर पदोन्नति पर कर्मचारी संघ ने दी बधाई

**बुदनी.** एसडीएम डीएस तोमर के पदोन्नत होकर अपर कलेक्टर बनाए जाने पर राज्य कर्मचारी संघ द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया. संघ के ब्लॉक अध्यक्ष हरदयाल सिंह आजाद के नेतृत्व में संघ पदाधिकारियों ने कार्यालय पहुंचकर श्री तोमर का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी. बधाई कार्यक्रम के अवसर पर बुदनी ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शशि सिंह, सांदीपनि विद्यालय प्राचार्य सुधा सालोमन, पीएम श्री प्राचार्य डॉ ओपी यादव, कर्मचारी संघ बुदनी ब्लॉक अध्यक्ष हरदयाल सिंह आजाद, तहसील अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह जामलिया, नवीन तनेजा, सुरेश बकरिया, बीएल धुर्वे, माखन यादव, ब्रजेश शर्मा, नरेंद्र डाले, सुखदेव धुर्वे, के मालवीय, पवन अहिरवार, दुर्गा वर्मा, संध्या खत्री, किरण विश्वकर्मा, नीतू शर्मा, इरफान खान सहित संघ के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे.

# नवजात शिशु का शव पाने सड़क पर बैठे दंपत्ति

## अस्पताल प्रबंधन पर लगाया लापरवाही का आरोप, 50 मिनट तक अस्पताल के सामने चला घटनाक्रम

- 29 दिसंबर को भैरूंदा से रेफर होकर आई थी महिला
- डिलेवरी के बाद से नवजात को वेंटीलेटर पर रखा था

नवभारत न्यूज

**सीहोर 05 जनवरी. सोमवार की शाम जिला अस्पताल के सामने एक दंपत्ति अपने बच्चों के साथ बीच सड़क पर बैठ गए. उनका कहना था कि अस्पताल के डॉक्टरों की लापरवाही के कारण उसकी नवजात शिशु बालिका की मौत हो गई है. इसके अलावा वह अब उसे बच्ची का शव देने से भी मना कर रहे हैं. लगभग 50 मिनट तक अस्पताल के गेट पर हंगामा होता रहा. घटनाक्रम ने एक बार फिर अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं पर सवालिया निशान लगा दिया है.**

सोमवार की शाम लगभग 5 बजे जिला अस्पताल के सामने एक पति- पत्नी बच्चों के साथ सड़क पर आकर बैठ गए. उन्हें सड़क पर बैठा देखकर लोगों ने उनसे पूछताछ की तो उनका कहना था कि अस्पताल की अव्यवस्थाओं को लेकर वह रोष जताने सड़क पर बैठे हैं.

जिले की भैरूंदा तहसील के निवासी संतोष जाट ने बताया कि उसकी गर्भवती पत्नी को भैरूंदा के अस्पताल से 29 दिसंबर को सीहोर रेफर किया गया था. गत दो जनवरी की देर रात उसकी पत्नी की डिलेवरी हुई. संतोष का



**सीहोर.** सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों पर लापरवाही करने का आरोप लगाते हुए बच्ची के साथ धरने पर बैठे दंपत्ति.

कहना है कि डिलेवरी के दौरान मेटरनिटी वार्ड में कोई जिम्मेदार लेडी डॉक्टर मौजूद नहीं होने के कारण उसकी पत्नी को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा.

संतोष जाट का कहना है कि उसकी पत्नी ने नवजात बालिका को जन्म दिया. उसके बाद बच्ची को एसएनसीयू में भर्ती कर दिया गया और उसे व उसकी पत्नी को बच्ची को देखने तक नहीं दिया जाता रहा. आज उसे बताया गया कि उसकी बच्ची की मौत हो गई है. यह सुनकर उनके दुख का कोई ठिकाना नहीं रहा, लेकिन उनका दुख उस समय और बढ़ गया जब डॉक्टरों ने उसे नवजात का शव देने से इंकार कर दिया. नतीजतन उसे अपनी नवप्रसूता पत्नी ममता जाट के साथ सड़क पर बैठकर धरने पर बैठना पड़ा.

व्यस्ततम सड़क पर पति-पत्नी के धरने पर बैठने से यातायात बाधित हो रहा था. इसके अलावा वहां तमाशबीनों की भीड़ भी जमा हो गई थी. मामले की जानकारी मिलने के बाद थाना प्रभारी रविन्द्र यादव मौके पर पहुंचे और संतोष जाट से चर्चा की. उसने पुलिस के समक्ष भी अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही के कारण उसकी नवजात बालिका की मौत होने का आरोप लगाया. लगभग 50 मिनट तक अस्पताल के गेट पर गहमा गहमी का माहौल बना रहा. थाना प्रभारी द्वारा दी गई समझाईश के बाद वह सड़क से उठा.

### हंगामा कर रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा

बताया जाता है कि धरना दे रहे पति- पत्नी के पास एक अंजान युवक पहुंचा और अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अनर्गल गाली- गलौच करने लगा. इतना ही नहीं वह संतोष जाट से बोला मेरे साथ अस्पताल के अंदर चलो अपन डॉक्टर को सही करते हैं. किसी तरह उसे लोगों ने वहां से चलता किया तो वह अस्पताल के अंदर जा घुसा और हंगामा करने लगा. इस दौरान अस्पताल के सुरक्षाकर्मियों के साथ भी उसकी बहसबाजी हुई. मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे पकड़ा और गाड़ी में बैठा लिया, हालांकि आगे जाकर उसने मान मनोव्वल की तो पुलिसकर्मियों ने उसे हिदायत देकर वहां से चलता कर दिया.

### नवजात का वजन काफी कम था

बच्चा प्रीमैच्योर था और उसका वजन महज 960 ग्राम था. इस कारण उसे वेंटीलेटर पर रखा गया था. परिजनों को बता दिया गया था कि उसके सर्वाइब करने के चांस काफी कम हैं. फिर भी हमारे चिकित्सकों ने कोई लापरवाही नहीं की. उसके द्वारा लगाए गए आरोप बेबुनियाद हैं. वह पहले दिन से ही सबसे विवाद कर रहा था. वह शव लेने से पूर्व आवश्यक कार्रवाई नहीं कर रहा था. उसे अब शव दे दिया गया है.

**डॉ. यूके श्रीवास्तव,**
सिविल सर्जन

### शव वाहन में बैठने से किया इंकार

थाना प्रभारी रविन्द्र यादव और सिविल सर्जन डॉ. यूके श्रीवास्तव द्वारा नवजात का शव उसके गांव तक ले जाने के लिए अस्पताल का शव वाहन मुहैया कराया गया, लेकिन अस्पताल की अव्यवस्थाओं से संतोष इतना आक्रोशित था कि उसने शव वाहन की सुविधा लेने से साफ इंकार कर दिया और अपनी बच्ची का शव लेकर वहां से चला गया.

## दिग्विजय का चयन सही नहीं : डॉ. तोमर

**सीहोर.** पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के दो दिवसीय इछावर दौरे को लेकर अब पार्टी के भीतर से ही विरोध के स्वर उठने लगे हैं. कांग्रेस पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. बलवीर तोमर ने दिग्विजय सिंह के रात रुकने के स्थान के चयन पर सवाल उठाते हुए इसे राजनीतिक नुकसानदेह बताया है. पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. बलवीर तोमर ने कहा कि पूर्व सीएम दिग्विजय सिंहखेरी गांव में रुके थे, लेकिन उनका चयन गलत था. उन्होंने तर्क दिया कि कांग्रेस का मुख्य आधार स्तंभ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अल्पसं यक वर्ग है. तोमर के अनुसार हमें इन वर्गों के बीच रुकना चाहिए था. दिग्विजय सिंह के इन वर्ग के यहां न रुकने से इन समाज के लोगों में एक गलत संदेश गया है. मैं नहीं मानता कि उनके इस कदम से क्षेत्र में कांग्रेस को कोई मजबूती मिलेगी. डॉ. तोमर ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के प्रति भी दिग्विजय सिंह के इस नजरिए से में सहमत नहीं हूं, कि जीतू पटवारी के अध्यक्ष बनने पर भी हमें कोई फायदा नहीं मिला क्योंकि कि इस वर्ग के लोग हमें वोट नहीं देते हैं जबकि जीतू पटवारी के नेतृत्व में ऐसा कोई चुनाव नहीं हुआ है, कि हम कह सके कि हमें कोई फायदा नहीं हुआ. क्योंकि इन वर्ग के लोग हमें वोट नहीं दे रहे.



## स्वास्थ्य शिविर में 210 मरीजों का परीक्षण

**सीहोर.** रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा ग्राम सेमरादांगी में स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव विपुल चांडक ने बताया कि शिविर में लगभग 210 हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया गया तथा जरूरतमंदों को नि:शुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गई. शिविर के दौरान 13 यूनिट रक्तदान भी प्राप्त हुआ. स्वास्थ्य शिविर में विशेष रूप से बच्चों एवं महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई. शिविर को सफल बनाने में रेड क्रॉस सदस्य मान सिंह दांगी का विशेष योगदान रहा. स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पाकर ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिला. शिविर के सफल आयोजन पर ग्राम के नागरिकों ने रेड क्रॉस सचिव विपुल चांडक का आभार माना.


# कोल्ड डे का कहर झेलने के बाद सीवियर कोल्ड डे से कंपकंपाए

- अधिकतम तापमान 18 .06 तो न्यूनतम 6 .5 पर जा लुढ़का
- दोपहर तक घने कोहरे का असर बना रहा

नवभारत न्यूज

**सीहोर 05 जनवरी.** लगातार ठंड का असर बढ़ता जा रहा है. दो दिन तक कोल्ड डे रहने के बाद सोमवार को सीवियर कोल्ड डे रहा। ऐसे में सर्द हवा के असर से पूरा शहर कंपकंपाता नजर आया.

स्थिति यह थी कि दिन के तापमान में सीधे 3 डिग्री और रात के तापमान में 4 डिग्री की गिरावट रिकार्ड हुई. ऐसे में अधिकतम तापमान 18.6 और न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. दोनों ही तापमान सामान्य से 5 डिग्री कम थे. वहीं प्रशासन की अनदेखी के कारण सुबह के समय कड़ाके की ठंड में ही बच्चों को स्कूल जाना पड़ा. जबकि भोपाल, रायसेन, विदिशा, शाजापुर, राजगढ़ सहित आसपास के सभी जिलों में प्राइमरी और मिडिल स्कूल की छुट्टियां घोषित कर दी गई हैं. इसको लेकर लोगों ने दिनभर सोशल मीडिया पर ट्रोल किया. आखिरकार दोपहर में कलेक्टर बालागुरु के. ने एक आदेश जारी किया जिसमें सुबह की पाली 9.30 बजे से लगाने के निर्देश दिए हैं. जबकि मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में ठंड का असर और ज्यादा बढ़ने की संभावना जताई हैं. ऐसे में स्कूल जाने वाले छोटे ठंड की चपेट में आकर बीमार पड़ सकते हैं. बता दें कि सोमवार सीजन का सबसे ज्यादा ठंडा दिन रहा. अधिकतम तापमान मात्र 18.6 डिग्री रहा. इससे एक दिन पहले रविवार को



अधिकतम तापमान 21.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था. कड़ाके की ठंड का असर आम जनजीवन पर दिखाई दे रहा है. जिला अस्पताल के मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. आरके वर्मा के अनुसार आने वाले दिनों में यदि पारा इसी तरह यथावत अथवा और नीचे गिरता है, तो शीतलहर और तेज ठंड के दौरान हार्ट और बीपी के मरीज ऐहतियात बरतें। पैर, हाथ और छाती को सीधी हवा लगने से बचाएं। संभव हो तो सत को आग से ताप कर शरीर को गर्म करके सोएं। लेकिन सोने से पहले आग को बुझा दें अन्यथा दम घुटने जैसी समस्या का सामना करना पड़ सकता है. ऐसे सीजन में लकवा और फेशियल पैरालिसिस की आशंका सबसे ज्यादा रहती है.

### स्कूल खुले, लेकिन बच्चों की संख्या रही कम

जिले में तेज ठंड में प्राइमरी और मिडिल स्कूल के बच्चों की छुट्टी घोषित नहीं की गई. सुबह की पाली में स्कूल 9.30 बजे से लगाने के निर्देश दिए गए हैं. लेकिन स्कूलों की छुट्टी नहीं की गई. ठंड के कारण सोमवार को स्कूलों में बहुत कम संख्या में बच्चे पहुंचे. शासकीय टैगोर स्कूल में सिर्फ 2 बच्चे ही पहुंचे. अन्य कक्षाएं खाली पड़ी रहीं. शासकीय तिलक स्कूल की कक्षा 8वीं में मात्र 1 छात्रा ही उपस्थित रही। वहीं 4थी में 4 बच्चे आए। कक्षा एक और दो में कुल मिलाकर 3 विद्यार्थी ही स्कूल पहुंचे. इसी तरह सिपाहीपुरा स्कूल में कक्षाएं खाली पड़ी रहीं.

# पेयजल प्रदाय में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : कलेक्टर

- टीएल बैठक में अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश
- पेयजल की गुणवत्ता की करें नियमित जांच

नवभारत न्यूज

**सीहोर 05 जनवरी.** कलेक्टर बालागुरू के ने टीएल बैठक में विभागों के समय-सीमा वाले प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और सभी प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए.

बैठक के दौरान कलेक्टर बालागुरू के ने सभी जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी पीएचई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पेयजल की गुणवत्ता की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए. इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. पेयजल पाइपलाइन की शुरुआत से लेकर टेल एंड तक विभिन्न स्थानों से नियमित पानी के सैंपल लिए जाएं और जांच रिपोर्ट के आधार पर सुधारात्मक कार्रवाई की जाए. उन्होंने आगामी महीनों में पानी की आवश्यकता को देखते हुए नलकूपों, बोरवेल अधिग्रहित कर वैकल्पिक व्यवस्था करने के लिए भी कहा. कलेक्टर ने नागरिकों को पानी के मितव्ययी और विवेकपूर्ण उपयोग के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए.




## कॉलेज में प्रवेश लेने बच्चों को किया प्रोत्साहित

नवभारत न्यूज

**शाहगंज 5 जनवरी.** कॉलेज चलो अभियान के प्रथम चरण में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नवीन सत्र में प्रवेश लेने हेतु प्रक्रिया प्रारंभ की गई. इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को शासकीय कॉलेज में प्रवेश लेने के लिये प्रेरित करना है.

शासकीय महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अंजुम अंसारी एवं अभियान की संयोजक डॉ प्रभा चौहान एवं अन्य प्राध्यापक इस पहल को सफल बनाने सक्रिय हैं. इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों के शासकीय एवं प्राइवेट हायर सेकेण्ड्री स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों को कॉलेज में प्रवेश की प्रक्रिया और शासन द्वारा संचालित हितग्राही योजनाएं जैसे पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, प्रतिभा किरण एवं गांव की बेटी योजनाए मेधावी योजना एवं उच्च शिक्षा हेतु विदेश अध्ययन सुविधा तथा बहुविषयक पाठयक्रमए स्पोर्ट्स, राष्ट्रीय सेवा योजना, व्यक्तित्व विकास एवं स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ आदि की जानकारी दी गई प्राचार्य तथा टीम ने शासकीय कन्या उच्चतर विद्यालय एवं शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बकतरा का दौरा किया.

शुभारंभ | अंडरग्राउंड सीवेज निर्माण कार्य का विधायक व नपाध्यक्ष ने किया शुभारंभ

# नगर की अनेक कालोनियों को मिलेगा सीवेज सिस्टम का लाभ

नवभारत न्यूज

**सीहोर 05 जनवरी.** सोमवार सुबह बढ़ियाखेड़ी स्थित लूर्दमाता स्कूल के पास विधायक सुदेश राय और नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने संयुक्त रूप से नागरिकों की मांग को पूरा करते हुए अमृत 2 अंतर्गत सीवेज निर्माण कार्य का विधिवत जेसीबी मशीन और भूमि का पूजन कर शुभारंभ किया गया.

विधायक श्री राय ने नपाध्यक्ष श्री राठौर के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमारा शहर स्मार्ट सिटी की तर्ज पर विकसित हो रहा है, उनके कार्य सराहनीय है. सीवेज कार्य पूर्ण होने पर क्षेत्रवासियों को सड़क पर बहने वाली गंदगी और खस्ताहाल सड़कों से मुक्ति मिलेगी.

इस मौके पर नपाध्यक्ष श्री राठौर ने कहा कि मु यमंत्री मोहन यादव, पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान और विधायक श्री राय के द्वारा शहर में इस वर्ष करोड़ों रुपए के कार्य होने जा रहे हैं. नए साल की शुरूआत में शहर के एक बड़े हिस्से में सीवेज का कार्य किया जाएगा. इसमें करीब 26 करोड़ रुपए की लागत के वार्ड क्रमांक 1, 2 और तीन में कार्य का भूमि पूजन किया गया है. तेज रफ्तार से सीवेज कार्य पूर्ण किया जाएगा. बारिश से पहले सीवेज और जहां पर सीवेज का कार्य पूर्ण होने के बाद करोड़ों रुपए की सड़कों का निर्माण किया जाएगा. सीवेज का



कार्य पूर्ण नहीं होने के कारण बढ़ियाखेड़ी में अनेक सड़कों का निर्माण कार्य नहीं होने से क्षेत्रवासियों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन आगामी दिनों में इन क्षेत्रों का विकास कार्य पूर्ण किया जाएगा साथ ही सीवेज का कार्य मंडी में भी तेजी से किया जाएगा.

विधायक सुदेश राय ने कहा कि अमृत योजना के तहत बढ़िया खेड़ी, कोली मोहल्ला, पार्टी मोहल्ला सहित विभिन्न कॉलोनी में अंडरग्राउंड सीवेज का निर्माण कर कराया जाएगा.

इस मौके पर नपाध्यक्ष श्री राठौर ने कहा कि इंदौर में दूषित पानी की घटना के बाद शहर में नगर पालिका अमले के द्वारा जहां पर भी गंदे पानी की सप्लाई आदि की शिकायत मिलेगी, समस्या का समाधान किया जाएगा. सहायक यंत्री विजय कोली ने बताया कि पेयजल सप्लाई शाखा की बैठक का आयोजन किया था, इसमें नगर पालिका और पीएचई की टीम ने शहर के क्षेत्र पानी के सैंपल लिए है. इसके अलावा लीकेज आदि की स्थिति पर टीम ध्यान दे रही है.

## जिले के पहले क्रिकेट कोच बने अक्षय दुबान

**सीहोर.** जिले के इतिहास में पहले क्रिकेट कोच बने अक्षय दुबाने जो कि मप्र क्रिकेट एसोसिएशन के हीरालाल गायकवाड़ टूर्नामेंट में भोपाल डिवीजन को अपनी कोचिंग देंगे. अक्षय दुबाने आवासीय क्रिकेट मैदान में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देते हैं. अक्षय दुबाने की कोचिंग में पिछले दिनों जिला क्रिकेट एसोसिएशन की अंडर 18 टीम ने संभाग स्तरीय टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता बनी थी. इसी प्रदर्शन के चलते उन्हें भोपाल संभाग की अंडर 18 टीम का सहायक कोच नियुक्त किया गया है. दुबाने के कोच नियुक्त होने पर विधायक सुदेश राय, सचिव अतुल तिवारी, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र वर्मा आदि ने बधाई दी है.